1	2	3	4
15.	कुल लागत (एफ०ओ०आर०)	1438	
16.	केन्द्रीय बिक्री कर 4%	58	
17.	चुंगी	12	
18.	स्टाकिस्ट संबंधी अतिरिक्त राशि =	80	
19.	स्थानीय बिक्री कर (7%)	111	
20.	उपभोक्ता मूल्य/मी०टन०	1699	
21.	उपभोक्ता मूल्य/बैग	84.95	

* 1989–90 में 80% के उद्योग के लिये वास्तविक औसत के स्थान पर लिया गया 85% क्षमता उपयोग। (क्रम सं० 4 से 8 तक के आंकड़े नमूना सीमेंट एककों के लेखा से प्राप्त मंत्रालय द्वारा सत्यापित)

= स्थानीय परिवहन इत्यादि सहित।

ग्रामीण उद्यमकर्ता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उद्योग लगाये जाने के लिए प्रोत्साहन

838. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण उद्यमकर्ता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत खादी एवं ग्राम उद्योग क्षेत्र में करीब 5000 लोगों को अपने उद्योग स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा;

(ख) यदि हां, तो इस कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त कार्यक्रम के अधीन इन लोगों के चयन के लिए कोई मानदंड निर्धारित किये गये हैं;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) क्या इस चयन में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पुश्तैनी शिल्पकारों को प्राथमिकता दी जायेगी ?

उद्योग मंत्रालय में लघु उद्योग एवं कृषि और ग्रामीण उद्योग विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना) : (क) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग का विद्यमान व्यक्तिगत योजनाओं को उद्यमियों की तीन श्रेणियों में परिवर्तित करने का विचार है। चालू वर्ष के दौरान 4000 उद्यमियों को ग्रामीण उद्यमकर्ता विकास कार्यक्रम के अधीन ग्राम्य उद्योग में अपने उद्योग लगाने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा।

(ख) जिन योजनाओं में निवेश अन्तर्ग्रस्त है, उनका इस प्रकार वर्गीकरण किया गया है:—

श्रेणी–i : 3 लाख रु० से 5 लाख रु० तक।

श्रेणी–ii : 50,000 रु०/– से 3.00 लाख रु० तक।

श्रेणी–iii : 25,000 रु०/– से 50,000 रु० तक।

(ग) और (घ) जी, हां। योजना की अपेक्षा को ध्यान में रखते हुये विभिन्न योजनाओं के लिये अलग-अलग योग्यतायें तथा अनुभव निर्धारित किये गये हैं।

(ङ) चयन करते समय अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजतियों तथा पुश्तैनी

शिल्पकारों को उचित प्राथमिकता दी जायेगी।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा ग्रामीण औद्योगिक परिसरों का निर्माण

839. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गांवों में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिये खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने देश भर में ग्रामीण औद्योगिक परिसरों की स्थापना किये जाने का निश्चय किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत चालू वर्ष के दौरान बनाये जाने वाले प्रस्तावित औद्योगिक परिसरों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या सरकार ने इन परिसरों की स्थापना के लिये प्राथमिकता देने संबंधी कोई मापदंड निर्धारित किये हैं, और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा इस वर्ष के दौरान सभी परिसरों की स्थापना तथा उनके प्रबंध पर कितनी धनराशि खर्च किये जाने की संभावना है ?

उद्योग मंत्रालय में लघु उद्योग एवं कृषि और ग्रामीण उद्योग विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना) : (क) जी, हां।

(ख) चालू वर्ष के दौरान खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत ऐसे 100 गांव औद्योगिक परिसर स्थापित करने का प्रस्ताव है।

(ग) और (घ) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा विभिन्न राज्य सरकारों से परामर्श करके इन परिसरों की स्थापना की जा रही है।

विमान परिचारिकाओं को शौर्य पुरस्कार

840. **श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस वर्ष 14 फरवरी, को बंगलौर में विमान दुर्घटना के समय दो विमान परिचारिकाओं द्वारा उनके साहसिक कार्य के लिये सरकार द्वारा अभी तक उन्हें कोई नकद अथवा शौर्य पुरस्कार नहीं दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार इन दो विमान परिचारिकाओं को सम्मानित करने के लिये कोई शौर्य पुरस्कार देने का विचार रखती है ?

ऊर्जा मंत्री साथ में नगर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) इस संबंध में इंडियन एयरलाइंस से एक प्रस्ताव हाल में प्राप्त हुआ है।

हांफकिन फार्मास्यूटिकल्स के क्रिया-कलाप

841. **श्रीमती सूर्यकांता पाटील** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार** कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 11 जुलाई, 1990 के "महाराष्ट्र टाइम्स" के बम्बई संस्करण में महाराष्ट्र 'स्थित' "हांफकिन फार्मास्यूटिकल्स" नामक कम्पनी, जो जीवन रक्षक औषधियों का निर्माण करती है के संबंध में प्रकाशित इस आशय